तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 22 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

पांच लाख खर्च के बावजूद रामबान्धा तालाब की हालत बदतर, लगा जलकुम्भीयों का ढेर
4



खबर संक्षेप

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर राजनैतिक पदाधिकारियों की बैठक आज

जांजगीर-चांपा। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी की स्थिति में संपन्न कराया जाना है तथा जिले के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत मतदान केन्द्रों का पुर्नगठन, संशोधन, भवन, स्थल, नाम परिवर्तन किया जाना है। उक्त संबंध में 22 अक्टूबर गुरुवार को अपरान्ह 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी राजनैतिक पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्व संबंधितो को निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर भर्ती के लिए आवेदन 31 तक

जांजगीर-चांपा। एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्री के आंगनबाड़ी केन्द्र 01 मे कार्यकर्ता पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से 31 अक्टूबर तक पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि उक्त पद हेतु 12 वीं उत्तीर्ण उक्त ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 से संपर्क किया जा सकता है।

युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 तक

सक्ती। व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमे एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित किया गया है।


अवैध महुआ शराब बिक्री पर दो आरोपी को किया गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। अवैध शराब की बिक्री और कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पामगढ़ पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 22 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया है। 21 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिलने पर राजेश कुमार भास्कर पिता मोहन, निवासी मेउ तथा कलेश्वर यादव पिता स्व. राजाराम यादव, निवासी नंदेली दोनों मामलों में धारा 34(2) आबकारी एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया।



गढ़ विजय का रोमांचक मुकाबला, तीन घंटे तक चली मशक्कत...

हसौद। विजयादशमी पर हसौद में गढ़ विजय प्रतियोगिता आयोजित की गई। गढ़ तोडने के लिए प्रतियोगिता में 12 टीमों ने हिस्सा लिया। गढ़ विजय की परंपरा पुरानी है, जिसे आज भी युवा पीढ़ी ने जीवंत रखा है। इस बार मुकाबला काफी रोमांचक रहा। गढ़ विजय करने के लिए टीम लगातार प्रयास करती रही। मिट्टी के चिकने किले पर चढ़ने की यह रोमांचक प्रतियोगिता तीन घंटे तक चली। हसौद, अमोदा, धमनी और परसदा सहित आसपास के गांवों की टीमों ने हिस्सा लिया। आखिरकार मनहरण यादव की टीम ने गढ़ पर चढ़ाई कर गढ़ विजय किया। विजेता टीम को 35 हजार रुपए नगद पुरस्कार व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



50 से अधिक परिवार होंगे प्रभावित, 10 दिनों बाद जनसुनवाई

टेमर समपार पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की कवायद तेज, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ग्राम सोंठी में रेलवे के टेमर समपार क्रमांक 320 पर प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 15 अक्टूबर 2026 को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। इस संबंध में 2 नवंबर को जनसुनवाई होगी।

लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुके टेमर समपार पर रेलवे ओव्हरब्रिज िनर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पहले क्रम में सर्वे के बाद जमीन अधिग्रहण करने 15 अक्टूबर को प्रशासन द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के मुताबिक सक्ती तहसील के ग्राम सोंठी में 0.3481 हेक्टेयर भूमि लोक प्रयोजन के लिए अर्जित की जानी है। इस परियोजना का उद्देश्य रेलवे समपार पर ओवरब्रिज का निर्माण कर सड़क और रेल यातायात को अधिक सुगम बनाना है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत करीब 67.86 करोड़ रुपये बताई गई है। भूमि अधिग्रहण से जुड़े सामाजिक समाधान निर्धारण के लिए 2 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत भवन सोंठी में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जहां प्रभावित परिवार अपने सुझाव, आपत्तियां एवं दावे प्रस्तुत कर सकेंगे। अधिसूचना में बताया गया है कि प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण से प्रत्यक्ष रूप से 60 परिवार प्रभावित होंगे। प्रशासन ने संबंधित नागरिकों से जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी बात रखने की अपील की है।



टेमर समपार से पार करते लोग।

सोंठी में ग्रामीणों की एक ही मांग - सीधा नहीं, यू-आकार का बने ओवरब्रिज

ग्राम पंचायत सोंठी के लोग लंबे समय से शासन एवं रेलवे से यू-आकार का ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग कर रहे हैं, ग्राम पंचायत द्वारा इसके लिए प्रस्ताव भी पारित किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान टेमर समपार फाटक पर सीधा ओवरब्रिज बनाए जाने से कई समस्याएं आएंगी। नंदेली-बोइरडीह होकर फाटक की ओर आने वाले हैवी ट्रकों के लिए हाईवे मार्ग बंद हो जाएगा और सभी ट्रकों को शनि मंदिर-झूलकदम होकर टेमर समपार तक आना होगा, जिससे सक्ती शहर में ट्रैफिक का दबाव बढ़ेगा और दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी। दुकान-मकान टूटने से 60 परिवारों की रोजी-रोटी छिन जाएगी, 50 से अधिक छायादार अर्जुन वृक्ष कटने से पर्यावरण को नुकसान होगा, रेलवे रैक प्वाइंट तक पहुंचने में ट्रकों को 5 से 7 किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी जिससे मालगाड़ी भरने में देरी होगी और रेलवे को नुकसान होगा, वहीं मृत्यु होने पर दफन के लिए डेढ़ से दो किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी। इसके विपरीत यू-आकार का ब्रिज बनने से केवल कृषि भूमि का अधिग्रहण करना पड़ेगा, निर्माण के दौरान बाधा उत्पन्न नहीं होगी और वर्तमान फाटक से आवागमन चलता रहेगा। इन सभी मुद्दों को जनसुनवाई में प्रमुखता के साथ रखा जाएगा।

39 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के ईकेवाईसी लंबित, गैस रिफलिंग में होगी समस्या

2 लाख 53 हजार 700 लोग लिए हुए हैं घरेलू कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चापा

जिले में 2 लाख 53 हजार 777 से अधिक लोगों के द्वारा घरेलू गैस कनेक्शन लिया गया है। इनमें से 2 लाख 14 हजार 500 से अधिक ग्राहक अपने घरेलू कनेक्शन का ई केवाईसी करा चुके हैं जबकि अभी भी 39 हजार से अधिक ग्राहकों का ई केवाईसी लंबित है। किसके कारण उन्हें गैस रिफलिंग कराने में परेशानी होगी।

गौरतलब है कि घरेलू गैस सिलेंडर कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं के लिए ईकेवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। बगैर ई केवाईसी कराये उन्हें गैस सिलेंडर मिलने में बड़ी परेशानी होगी। जिले के 2 लाख 53 हजार 777 से अधिक उपभोक्ताओं के घरेलू गैस कनेक्शन ई केवाईसी किए जाने का टारगेट मिला हुआ है।



जिसके तहत विभाग द्वारा 2 लाख 14 हजार 500 उपभोक्ताओं का ई केवाईसी कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि अभी भी 39 हजार से अधिक ग्राहकों का ई केवाईसी कार्य अभी भी पेंडिंग है। ऐसे में ई केवाईसी नहीं होने की स्थिति में ग्राहकों को घरेलू गैस सिलेंडर रिपेयरिंग कराने में परेशानी होगी या फिर समय पर ई केवाईसी नहीं होने पर गैस सिलेंडर पाने से वंचित हो सकते हैं। जिले में बड़े पैमाने पर लोगों के द्वारा घरेलू गैस कनेक्शन लिए हुए हैं ताकि अपने घरों की रसोई व्यवस्थित ढंग से संचालित कर सके इधर समय पर सत्यापन कार्य नहीं हो पाने की स्थिति में घरेलू कनेक्शन लेने वाले ग्राहकों की दिक्कतें बढ़ गई है। इस तरह की समस्या पामगढ़ ,अकलतरा, शिवरीनारायण, बलौदा, नवागढ़, सारागांव क्षेत्र के हो रही है।

जरूरी है ई केवाईसी

घरेलू गैस कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं के लिए ई केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। नहीं होने पर ग्राहकों की दिक्कतें बढ़ेगी। इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी किया गया है।

-संदीप पांडे,
सहायक खाद्य अधिकारी
जांजगीर चांपा

सीएएफ के जवान की तालाब में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

डभरा थाना क्षेत्र के खम्हार खैया तालाब में बुधवार सुबह छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स में पदस्थ एक आरक्षक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दिलीप साहू के रूप में हुई है, जो दंतेवाड़ा में पदस्थ था।

आरक्षक पिछले कुछ दिनों से लापता था और उसकी गुमशुदगी की सूचना डभरा थाने में पहले ही दर्ज कराई गई थी। अब तालाब में उसका शव मिलने से मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह नगर पंचायत डभरा स्थित खम्हार खैया तालाब में मोहल्ले के लोगों ने एक व्यक्ति का शव देखा। इसकी सूचना तत्काल डभरा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। बताया जा रहा है कि तालाब से बरामद शव करीब तीन दिन पुराना था। पानी में लंबे समय तक पड़े रहने के कारण शव की बाहरी त्वचा खराब हो चुकी थी। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अब उसके लापता होने से लेकर तालाब में शव मिलने तक की परिस्थितियों की जांच कर रही है। फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है।

नाबालिग से अनाचार के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नाबालिग पीड़िता से जबरदस्ती अनाचार करने के मामले में फरार आरोपी को थाना मुलमुला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना मुलमुला में धारा 64(1) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 4(1), 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार 8 मार्च को आरोपी नंदलाल साहू निवासी ग्राम रानीगढ़, थाना बिलाईगढ़ द्वारा सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग पीड़िता के साथ जबरदस्ती अनाचार किया था। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूलैण्डन यार्क एवं एसडीओपी अकलतरा डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में मुलमुला पुलिस आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी। साइबर थाना जांजगीर की सहायता से 21 अक्टूबर को आरोपी को ग्राम थारगांव से गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह, थाना प्रभारी मुलमुला, साइबर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, पुरेंद्र कुमार सहित स्टाफ का योगदान रहा।

1006 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर

जांजगीर-चांपा। जिले के प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के 1006 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में 17 प्लस छात्र-छात्राओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा रहा है।

स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस बल का योगदान अविस्मरणीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान देश की आंतरिक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस बल के योगदान को याद किया गया।

ज्ञात हो कि बुधवार 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन खोखरा-भांठा, जांजगीर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित स्मृति दिवस परेड में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने शहीदों को सलामी देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने देशभर में 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 के मध्य कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए 154 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों का वाचन किया। इसके पश्चात शहीदों की सूची शहीद स्मारक पर रखी गई तथा पुलिस जवानों द्वारा शोक शस्त्र की कार्रवाई कर वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 1959 को भारत-चीन सीमा पर हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 वीर जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनकी शहादत की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। शहीदो के परिजनों का सम्मान कार्यक्रम के दौरान सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने जांजगीर-चांपा के शहीद प्रआर. रामशंकर पाण्डेय, आरक्षक रामकुमार कश्यप, उपनिरीक्षक लोकेश टंडन, आरक्षक समय लाल कश्यप एवं उपनिरीक्षक रुद्रप्रताप सिंह तथा शक्ति जिले के शहीद उपनिरीक्षक दीपक भारद्वाज, आरक्षक मनोहर लाल चंद्रा, आरक्षक मनोज कुमार बरेठ एवं आरक्षक कमलेश कुमार साहू के परिवारों का सम्मान किया। उपस्थित शहीद परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। देश की आंतरिक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस बल का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में 11वीं बटालियन पुटपुरा, जांजगीर के सेनानी विमल बैस, एएसपी सक्ती पंकज पटेल, डीएसपी मुख्यालय जांजगीर विजय कुमार पैकरा, एसडीओपी चांपा लोकेश बंसल, जांजगीर योगिताबाली खापर्डे, जिला सेनानी योगिता साहू, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, मुख्य लिपिक दिनेश शर्मा, स्थापना प्रभारी कृष्ण साहू, सायबर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, कोतवाली जांजगीर प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।



वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया याद।

MARK OF EXCELLENCE
मार्क हॉस्पिटल में
उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाएँ
लिवर, पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक जाँच, एंडोस्कोपी तथा विशेषज्ञ उपचार अब एक ही छत के नीचे।
- छाती में जलन व खट्टी डकार
- उल्टी, हिचकी, खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी
- कभी भी निगली वस्तु व आहार नली की समस्या
- दूरबीन द्वारा पेट व आँत की जांच
- दस्त में खून, लंबे समय से कब्ज़
- पीलिया, हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस
- पेट की टी.बी., पेट में पानी पैंक्रियाज़ रोग का इलाज

प्रमुख सर्जरी
- अपेंडिक्स की सर्जरी
- पित्त की थैली की पथरी
- हर्निया का लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी
- आंतों की रुकावट का उपचार
- पेट एवं आंतों के ट्यूमर की सर्जरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- पेट की आपातकालीन सर्जरी
- पेट की गांठ एवं सूजन का उपचार



✓ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✓ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✓ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✓ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
AdPRAYAS

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर में श्रमदान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां



अकलतरा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम कटनई के प्रसिद्ध सिद्धदेव पहरिया पाठ माँ भगवती दुर्गा मंदिर स्थल पर राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय विशेष शिविर स्व. जी.डी. दीवान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनई एवं माँ गायत्री संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। शिविर में विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर और पहाड़ी क्षेत्र में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया और ₹स्वच्छता ही सेवा₹ का संदेश दिया।शिविर के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटनई के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी सम्मिलित हुईं। उन्होंने मां भगवती दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के लिए सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया और अपने उद्बोधन में एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाज सेवा, अनुशासन और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम को ग्राम पंचायत कटनई के सरपंच रेशम लाल मार्बल, परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी सूरज प्रकाश साहू ने भी संबोधित किया। संचालक समिति के सदस्य चंद्रिका कुमार ने बताया यह गौरव ग्राम कटनई एवं स्थल राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख केंद्र एवं गोद ग्राम रहा है सांस्कृतिक धार्मिक केंद्र विकसित किया जा रहा है भगवान विष्णु के 24 अवतार एवं भगवान शिव 12 ज्योतिर्लिंग का भी स्थापना किया जायेगा। कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षकगण रामेश्वर साहू, जी पी पाटले, अनिल इंगले,पदमा पटेल, पुष्पा उइके, उमाशंकर मरकाम, पार्वती साहू, स्वर्णा तिवारी, ग्रामीण महिला मोर्चा महामंत्री पूर्णिमा कश्यप,पहरिया पाठ समिति के सदस्य चंद्रिका कुमार कश्यप, नरेश राम, दीपक कुमार,प्रेमलाल कश्यप, हनुमान राजकुमार पटेल, श्रीकुमार ,शुक्रवार, राजू कश्यप, अनंद राम उपस्थित रहे।

निधन

शकुन बाई यादव

चांपा। यादव समाज के प्रतिष्ठित नागरिक पुराना कॉलेज रोड धोबी पारा चांपा निवासी स्वर्गीय दशरथ लाल यादव की



धर्मपत्नी शकुन बाई यादव का 68 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन 18 अक्टूबर 2026 को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से निकलकर पुराना कॉलेज के पीछे हसदेव नदी के किनारे स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।वे अपने पीछे 1 पुत्र व 3 पुत्रियों सहित नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गयीं हैं। मुखाग्नि उनके सुपुत्र भवानी यादव ने दी। जहां उनके परिजनों सहित समाज के लोग तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रेस क्लब चांपा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

अखिलेश सिंह मरावी



मालखरौदा। ग्राम पंचायत वीरभाठा के प्रतिष्ठित नागरिक अखिलेश सिंह मरावी का मंगलवार 20 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गोंडवाना विधि से स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं सामाजिक बंधु शामिल हुए।

राशिफल

मेष — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

लंबित प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

राज्योत्सव समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां करें सुनिश्चित : जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न विभाग अंतर्गत लंबित समय सीमा के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी नवम्बर माह में आयोजित होने वाले राज्योत्सव समारोह 2026 के गरिमामय आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि जिला मुख्यालय में 2 नवंबर को एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभागीय प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 1 नवंबर से 3 नवंबर तक की रात्रि में जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय भवनों पर रोशनी किए जाने तथा निजी



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देती कलेक्टर।

संस्थाओं को भी रोशनी किए जाने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्योत्सव समारोह के आयोजन के लिए मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, टेंट, विद्युत व्यवस्था, पेयजल आदि आधारभूत व्यवस्थाओ को सुव्यवस्थित सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उनके विभाग अंतर्गत संचालित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में गंभीरता के साथ कार्य करने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर सभी आवश्यक विभागीय कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे कार्यों को बेहतर ढंग से किया जा सके। जिससे कार्यों के अच्छे प्रोग्रेस व रिजल्ट मिल सके। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जिले के अंतिम छोर के नहरों तक पानी पहुंचाए जाने की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सिंचाई सुविधा के लिए जिले के किसानों को पानी की किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने पारस पोर्टल पर विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की निगरानी पारस पोर्टल के माध्यम से की जाती है। बैठक में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कौशल्या जन्मभूमि में हर्षोल्लास के साथ मना विजयादशमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



प्रभु श्रीराम के ननिहाल एवं माता कौसल्या की जन्मभूमि कोसला धाम में विजयादशमी दशहरा का पर्व बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचीन हनुमान जी के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं आराधना के साथ हुआ। इसके पश्चात कर्मा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के साथ प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण जी, हनुमान जी एवं वानर सेना के स्वरूप में सजे श्रद्धालु पारंपरिक उत्साह के साथ रावण दहन स्थल तक पहुंचे।

इस दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रावण दहन कर विजयादशमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने केवल प्रतीकात्मक रावण का ही नहीं, बल्कि अपने भीतर विद्यमान अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, द्वेष और अन्य बुराइयों रूपी रावण का भी दहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच राजकुमार नारंगे, उप-सरपंच योगेश कुमार साहू, आशीष तिवारी, ब्यास वर्मा, फिरत राम कुर्मी, कन्हैयालाल साहू, आनंद सिंह कंवर, कमलेश कश्यप, गौरव तिवारी, रमेश कुमार कश्यप, दिलीप कश्यप, भगवती साहू, अवधेश कुमार साहू, कन्हैया यादव, विनोद मेहर, नंद कुमार कश्यप, राजकुमार साहू, संतोष कश्यप एवं समस्त कोसला धाम वासी शामिल रहे।

अड़भार में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन

अड़भार-फगुरम। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मालखरौदा द्वारा तहसील मुख्यालय अड़भार में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भारतीय निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त पर पद के दुरुपयोग, संवैधानिक मर्यादाओं के उल्लंघन और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना के आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बहु-सदस्यीय ढांचे और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन कर साथी आयुक्तों की सहमति के बिना एकतरफा निर्णय लिए जा रहे हैं। साथ ही 14 लिखित आपत्तियों को दरकिनार करने, मतदाता सूचियों में विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर लाखों नाम काटने और फॉर्म-6 में अनधिकृत बदलाव के आरोप भी लगाए गए। ज्ञापन में 'वोट चोरी' और 'मैच फिक्सिंग' जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया कि चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर से लोकतांत्रिक सरकारों की वैधता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है कांग्रेस ने मांग की है कि मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल बर्खास्त कर महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की जाए और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जांच की जाए। प्रदर्शन में जिला महामंत्री एवं ब्लॉक प्रभारी कुसुम यादव, जिला प्रवक्ता पुरुषोत्तम साहू, जिला मीडिया प्रभारी भानु प्रताप गवेल, मंडल अध्यक्ष अयोध्या भारद्वाज, आनंद चंद्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने गरबा एवं डांडिया नृत्य की दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

सीताराम कश्यप कॉलेज ऑफ फार्मेसी, राहौद में छात्रों ने 17 अक्टूबर, को शारदीय नवरात्रि 2026 के पावन अवसर पर गरबा उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ किया गया। इस

- **सीताराम कश्यप कॉलेज ऑफ फार्मेसी में गरबा नाइट प्रतियोगिता उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न**



कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने गरबा एवं डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। शुरुआत की कार्यक्रम में प्रकाश कश्यप, संस्थापक, दीपक कश्यप, निदेशक, रामायण कश्यप, प्रोफेसर, प्राचार्य डा. मनमोहन सिंह, उप-प्रचार्य श्री. गौरव वर्मा द्वारा पूजा आयोजित करके मां दुर्गा के प्रति हमारी कृतज्ञता की स्तुति की गई। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण के साथ उत्सव की रौनक देखने को मिली। विद्यार्थियों ने संगीत की मधुर धुनों पर सामूहिक गरबा नृत्य प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं एकता का सुंदर संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति, नारी सम्मान एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के चेयरमैन श्री प्रकाश जी ने अपने संदेश में कहा कि नवरात्रि हमें सत्य, सदाचार और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच अपनाने तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के डायरेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आपसी सद्भाव, टीम भावना एवं सामाजिक एकता को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक गरबा एवं डांडिया नृत्य में भाग लिया। सभी ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया और नवरात्रि के पावन पर्व को यादगार बनाया। कार्यक्रम का समापन मां दुर्गा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुख, शांति, समृद्धि एवं सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ साथ आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

बिर्रा थाना में विधि-विधान से हुई शस्त्र पूजा पुलिस ने लिया शांति व्यवस्था का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विजयादशमी के पावन अवसर पर बिर्रा पुलिस थाना परिसर में शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने विधि-विधान से बंदूक, राइफल सहित अन्य हथियारों और पुलिस वाहनों की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

विजयादशमी पर शस्त्र पूजा की पुरानी और गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए पुलिस जवानों ने सबसे पहले मालखाने में रखे बंदूक, राइफल एवं अन्य हथियारों की साफ-सफाई की। इसके बाद थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव, सहायक उपनिरीक्षक तीजराम जागड़े, पंडित चित्रभानु पांडेय तथा पुलिस जवानों की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पंडित चित्रभानु पांडेय ने सभी शस्त्रों पर तिलक, रोली, चंदन और अक्षत लगाकर पुष्प अर्पित किए। इसके साथ ही पुलिस वाहनों की भी पूजा की गई। पूजा-अर्चना के पश्चात उपस्थित सभी लोगों को मिठाई एवं प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि विजयादशमी पर शस्त्र पूजा करना हमारी प्राचीन और



गौरवशाली परंपरा का हिस्सा है। शस्त्र मां शक्ति के प्रतीक हैं, जिनका उपयोग समाज में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों और बुराइयों से लोगों की रक्षा करने के लिए किया जाता है। शस्त्र पूजा से पुलिसकर्मियों को सकारात्मक ऊर्जा के साथ कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा की भावना से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पुलिस का दायित्व समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।इस अवसर पर थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव, सहायक उपनिरीक्षक तीजराम जागड़े, उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह, तोमनीक तिग्गा, गौतम पांडेय, आरक्षक रामसाय साहू, दीपक तिवारी, लक्ष्मी नारायण कश्यप, जनकराम कश्यप, चंद्रहास लहरें, उमेश कश्यप, सुशील पटेल, राजकुमार जोशी, रितु लहरें और अमित सेंदरास सहित थाना का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, डॉ. भारद्वाज सम्मानित

खरौद। छत्तीसगढ़ के प्रमुख समाजशास्त्री, शिक्षाविद्, साहित्यकार एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. गुलाब चंद भारद्वाज विद्यासागर को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ग्लोबल सुपर 30 प्लस एजुकेशन एक्सीलेंस एंड इंस्पिरेशन अवार्ड-2026 तथा सावित्रीबाई फुले सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया है। महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा के प्रसार और समाज सेवा के



क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।


यह सम्मान गोपाल किरण समाज सेवी संस्था, एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत (दिल्ली-एनसीआर) तथा यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारतीय प्रवासियों के संक्रमण विषयक सेमिनार के दौरान प्रदान किया गया। डॉ. भारद्वाज को इससे पूर्व भी शिक्षा, समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए विश्व पर्यावरण संरक्षण आयोग द्वारा भारतीय पद्म भूषण एवं भारत गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किए जाने का उल्लेख किया गया है। डॉ. गुलाब चंद भारद्वाज वर्तमान में शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी प्राचार्य के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

डभरा क्षेत्र में कागजों और पोस्टरों तक सिमटे महाविद्यालय

डभरा। सक्ती जिले के तहसील डभरा क्षेत्र में उच्च शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक गंभीर सवाल खड़ा हो रहा है। क्षेत्र में दर्जनों महाविद्यालय संचालित होने और बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों के अधीन होने का प्रचार-प्रसार किए जाने की चर्चा है। इन महाविद्यालयों के नाम पर पोस्टर एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से शिक्षा संस्थानों के संचालन की जानकारी दी जाती है, लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि यदि इन संस्थानों में विद्यार्थी अध्ययनरत ही नहीं हैं, तो आखिर इन महाविद्यालयों का संचालन किस उद्देश्य से किया जा रहा है? स्थानीय स्तर पर सामने आ रही शिकायतों के अनुसार, क्षेत्र में कुछ ऐसे महाविद्यालयों के संचालन और उनकी वास्तविक शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है, जिनके प्रचार-प्रसार में बड़े विश्वविद्यालयों के नामों का उपयोग किया जाता है। यदि इन संस्थानों में वास्तव में विद्यार्थियों की उपस्थिति नहीं है और नियमित रूप से पढ़ाई नहीं हो रही है, तो यह उच्च शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।



शब्द पहेली - 6385



बाएँ से दाए-
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होना-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

ऊपर से नीचे
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -6384 का हल

■	स	ला	म	त	■	म	हा	व	र	■
का	म	■	ही	र	■	म	सि	■	थ	ल
की	■	शा	न	■	वं	■	ल	ब	■	श्य
■	■	य	■	म	हा	न	■	र	■	■
■	फ	र	मा	न	■	र	स	खा	न	■
का	की	■	ल	■	■	■	न	■	ह	ति
■	र	मि	वा	स	■	ह	म	द	म	■
■	■	य	■	र	ज	क	■	स्त	■	■
जा	■	म	जा	■	हो	■	श	क	■	का
न	श्या	■	य	म	■	पा	प	■	सा	या
■	म	हा	का	ल	■	ल	ब	प	थ	■

सूडोकु नवताल- 6395

सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6394 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1

MANGAL, SENACHA, BANGALORE

प्रारूप – (तीन)
शपथ पत्र का प्रारूप
(समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग.)

(नाबालिक पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं अशोक कुमार कुर्रे पिता रामदास कुर्रे उम्र- 42 वर्ष निवासी धरदेई पोस्ट धरदेई तहसील पामगढ़ जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. का स्थाई निवासी हूँ।

मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करता हूँ:-

1. यह कि मेरे नाबालिक पुत्र का आधार कार्ड क्रमांक 5482 9192 1032 है, जिसमे नाम आजाद कुर्रे (AJAD KURRE) पिता अशोक कुमार कुर्रे (ASHOK KUMAR KURRE) एवं जन्म तिथि 01/01/2010 दर्ज है, जो कि असत्य है। 2. मेरे पुत्र के अंकसूचि में नाम आजाद (AJAD) पिता अशोक (ASHOK) एवं जन्म तिथि 23/06/2009 दर्ज है, जिसके अनुसार अपने नाबालिक पुत्र का आधार कार्ड सुधार करना चाहता हूं। 3. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में हस्ताक्षर कर रहा हूं, तथा समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पामगढ़ को प्रस्तुत कर रहा हूं। 4. पुराना नाम आजाद कुर्रे (AJAD KURRE) को बदल कर नया नाम आजाद (AJAD) पिता अशोक (ASHOK) रख लिया है, अब इसी नाम से जाना/पहचाना एवं संबोधित किया जाए। 5. यह कि छ.ग. राजपत्र में नाम आजाद (AJAD) पिता अशोक (ASHOK) प्रकाशन के लिए प्रस्तुत हैं। 6. मेरी पत्नी अर्चना को हमारे नाबालिक पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है। 7. मैं अपने नाबालिक पुत्र का नाम बदल कर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ, तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

दिनांकः 21/10/2026
स्थानः पामगढ़

अशोक कुमार
शपथकर्ता



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला

जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर



नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविंका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), साई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

खबर संक्षेप

धूमधाम से हुआ भगवान शिव-पार्वती का विवाह



अकलतरा। अकलतरा की पुरानी बस्ती में नौ दिवसीय विशेष पूजा-अनुष्ठान का समापन महानवमी के पावन अवसर पर भगवान शिव और माता पार्वती के भव्य विवाह समारोह के साथ हुआ। पूरे विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के बीच संपन्न हुए इस विवाहोत्सव में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्तिमय माहौल, मंगल गीतों और बाजे-गाजे से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। इस अवसर पर गोपिया तालाब में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नौ दिनों तक चले पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों के अंतिम दिन आयोजित भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह संस्कार में संजय सिंह और ममता सिंह मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ विवाह की रस्में संपन्न कराईं। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती से सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। विवाहोत्सव के उपलक्ष्य में पुरानी बस्ती में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक परंपराओं के अनुसार बिंदिया सिंह और आकांक्षा सिंह ने कलश धारण कर शोभायात्रा में भाग लिया। वहीं, पल्लवी सिंह ने माता पार्वती तथा दीप्ति सिंह ने भगवान शंकर के स्वरूप को श्रद्धापूर्वक धारण कर नगर भ्रमण किया।बाजे-गाजे, मंगल गीतों और जयकारों के बीच निकली शोभायात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा पुरानी बस्ती के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। गोपिया तालाब में भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति से धार्मिक आयोजन की रौनक देखते ही बनी।नौ दिवसीय पूजा-अनुष्ठान के समापन पर पुरानी बस्ती में उत्सव जैसा माहौल रहा।

श्री श्याम प्रभु की मासिक निशान पद यात्रा आज

चांपा। स्थानीय श्याम मित्र मंडल द्वारा खाटू वाले श्री श्याम प्रभु की 84 वीं मासिक निशान पद यात्रा का आयोजन गुरुवार 22 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे सदर बाजार स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से मोदी चौक स्थित श्री श्याम खाटू मंदिर तक किया जा रहा हैं। मंडल ने समस्त श्याम प्रेमियों से निशान पद यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया हैं।

नैला में आज से गूंजेगी रामनाम की धुन 34वें वर्ष सजेगा नवधा रामायण का दरबार

जांजगीर-नैला। श्रीराम मंदिर नैला में 22 अक्टूबर से रामनाम की गूंज सुनाई देगी। यहां 34वें वर्ष नवधा रामायण का भव्य आयोजन होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां पूरी हो गई हैं। आयोजन समिति के अनुसार इस वर्ष नवधा रामायण में गायन मंडलियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। श्रेष्ठ गायन प्रस्तुत करने वाली मंडलियों को 32 हजार रुपये तक के इनाम दिए जाएंगे। लोगों ने बताया कि 34 वर्षों से अनवरत चल रहा यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। नौ दिनों तक चलने वाले इस भव्य दरबार में दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचेंगे।

ब्लॉक कांग्रेस का पुतला दहन कार्यक्रम आज

चांपा। स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार 22 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राष्ट्र व्यापी वोट बचाओ देश बचाओ जन आंदोलन के द्वितीय चरण में पूर्वान्ह 11 बजे थाना चौक स्थित बापू प्रतिमा स्थल से हमर चाम्पा चौक तक रैली निकालकर वहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर दस बिंदुओं पर आधारित एक ज्ञापन तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम सौंपा जायेगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप सहित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल शामिल रहेंगे। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साधवानी ने नगर के कांग्रेसजन से इस मौके पर अनिवार्य उपस्थिति का अनुरोध किया हैं।

बिर्रा में विराट दशहरा उत्सव कल 35 फीट के रावण का होगा दहन

बिर्रा। विजयादशमी पर्व पर नगर के संजय मैदान में शुक्रवार 23 अक्टूबर को विराट दशहरा मनाया जाएगा। शाम 7 बजे आकर्षक लाईट के माध्यम से रावण के पुतला का दहन किया जाएगा। इसके पूर्व समिति ने कर्मा नृत्य और बाजा गाजा ढोल ताशे के साथ रथ में सवार श्रीराम चद्र लक्ष्मण हनुमान की आकर्षक झांकी निकाली जाएंगी, जो कहार मुहल्ले से रथ साहू मुहल्ला, दीवान मुहल्ला, ठाकुर देव मुहल्ला से मुख्य मार्ग स्टैण्ड से दशहरा मैदान पहुंचेगी। यहां श्रीराम रावण दहन का युद्ध आकर्षक का केंद्र रहेगा। यहां 35 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया जाएगा। साथ ही आतिशबाजी होगा। वहीं रात्रि में दर्शकों को मनोरंजन के लिए 10 बजे नितिन दुबे स्टार नाईट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दशहरा उत्सव के मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जागड़े होंगी। विशिष्ट अतिथि के रुप में बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, निर्मल सिन्हा पूर्व विधायक मालखरौदा, गंगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत, मोहन कुमारी सभापति महिला बाल विकास, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, जनपद पंचायत बम्हनीडीह अध्यक्ष मनीषा चौहान, उपाध्यक्ष उत्तरा सिदार, जनपद सदस्य रितेश रमण सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती पीलीबाई साहू करेंगी। आयोजन को सफल बनाने में लाल रेवती रमण सिंह , कुंजी देवांगन, मणीलाल कश्यप, जितेन्द्र तिवारी, एकांश पटेल, राजकमल कर्ष जुटे हुए है।

पालिका प्रशासन सफाई के प्रति उदासीन

पांच लाख खर्च के बावजूद रामबान्धा तालाब की हालत बदतर, लगा जलकुम्भीयों का ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर का ऐतिहासिक और कभी जिले का सबसे बड़ा रामबान्धा तालाब आज नगरपालिका की उदासीनता से चहूंओर जलकुम्भीयों से अटा पड़ा अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा हैं। माह अप्रैल में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सी. एस. आर. मद से जोर शोर के साथ तालाब की सफाई का कार्य प्रारम्भ कराया था लेकिन विडम्बना यह हैं कि कुछ दिनों में मद से सम्बंधित सफाई ठेकेदार को पांच लाख का भुगतान करने के बावजूद तालाब की वर्तमान दशा पूर्व की तुलना में ज्यादा ख़राब हैं और पूरा तालाब जलकुम्भीयों से अटा पड़ा हैं। उधर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप सहित स्थानीय कांग्रेसजन द्वारा तालाब की समुचित सफाई के अलावा अन्य मुद्दों को लेकर एस. डी. एम. को एक ज्ञापन सौंपकर मांगों का 10 दिनों में समाधान नहीं किये जाने पर आगामी 2 नवंबर को नगर में जन सहयोग से वृहत आंदोलन किये जाने की चेतावनी दी गयी हैं। ऐसे में अब पालिका प्रशासन के रवैये पर लोगों की नजरें हैं।

कभी नगर का ऐतिहासिक रामबान्धा तालाब 99 एकड़ में फैला था



रामबान्धा तालाब में फैली जलकुम्भी

जो शहर की आधी आबादी को निस्तार की सुविधा प्रदान करता था। बिलासपुर से विभाजित होकर जब मई 1998 में जांजगीर चाम्पा जिला जब अस्तित्व में आया तो उसके बाद तत्कालीन जिला प्रशासन ने तालाब के एक बड़े हिस्से को पटवाकर वहां पालिका के नवीन एवं वर्तमान कार्यालय भवन, पी. एच. ई. के कार्यपालन अभियंता कार्यालय भवन सहित प्रतीक्षा बस स्टैंड तथा वर्तमान में निर्माणाधीन न्यायालय भवन के लिए भूमि प्रदान कर दी। इस कार्रवाई से हालांकि तालाब का क्षेत्रफल सिकुड़ गया लेकिन लोगों ने जनहित में हो रहे सरकारी कार्यालय भवन के निर्माण के कारण इसे स्वीकार कर लिया मगर बाद में इस तालाब के करीब 8 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार होने के पश्चात इसकी नियमित साफ सफाई नहीं किये जाने से तालाब धीरे धीरे जलकुम्भीयों से ढक गया। ऐसे में हो रहे जनआक्रोश को देखकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने 15 अप्रैल को प्रकाश इंडस्ट्रीज के सी. एस. आर. मद से राशि स्वीकृत कराकर इसकी साफ सफाई का काम शुरू कराया मगर कुछ ही दिनों बाद सफाई अभियान बंद हो गया और अब वर्तमान में तालाब पूर्व की तुलना में ज्यादा गंदगी से सराबोर हैं। आज तालाब के ज्यादातर हिस्से में जलकुम्भीयों का डेरा हैं तथा कहीं पानी नजर नहीं आता। शारदीय नवरात्रि के कारण पालिका द्वारा जवारा विसर्जन के लिए एक दो घाट से कुछ जलकुम्भीयां हटाकर जवारा विसर्जन हेतु व्यवस्था बनाई गयी ताकि नगर के महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा का निर्वहन हो सके। उधर तालाब की वर्तमान दुर्दशा के कारण नगर की जनता में पुनः रोष व्याप्त हैं। विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप ने तालाब सफाई सहित नगर की कुछ अन्य समस्याओं के निदान की मांग को लेकर कमान संभालते हुए गत 16 अक्टूबर को एस. डी. एम. को एक ज्ञापन सौंपकर 10 दिनों में की गयी मांगों का समाधान नहीं होने पर आगामी 2 नवंबर को व्यापक जनसहयोग से बड़ा आंदोलन किये जाने की चेतावनी दी हैं। अब देखना यह हैं कि पालिका प्रशासन कितनी मुस्तैदी से इस आंदोलन की धार भोथरी करने में सफल हो पाता हैं अथवा नहीं और बैठे ठाले कांग्रेस को भाजपा के खिलाफ जनमत तैयार करने का अवसर प्रदान करता हैं।

सात परिक्रमा के बाद गद्दी पर विराजे राजेश्री महंत



पूजा अर्चना करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

विजयादशमी के पावन अवसर पर श्री शिवरीनारायण मठ में मंगलवार 20 अक्टूबर को पारंपरिक श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक विधि-विधान के साथ गद्दी महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मठ में विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

- श्री शिवरीनारायण मठ में शोभायात्रा, शौर्य प्रदर्शन और पूजन के साथ संपन्न हुआ गद्दी महोत्सव

महोत्सव के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो मठ से प्रारंभ होकर मध्य नगरी चौक, मेला ग्राउंड होते हुए जनकपुर पहुंची। यहां से शोभायात्रा पुनः मठ मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। वहीं, मठ मंदिर के कर्मचारियों ने गाजे-बाजे के साथ शौर्य प्रदर्शन किया, जिससे आयोजन का उत्साह और भव्यता बढ़ गई। महोत्सव के दौरान हवन-पूजन संपन्न होने के पश्चात गद्दी स्थल की सात परिक्रमा की गई। इसके बाद राजेश्री महंत महाराज गद्दी पर विराजमान हुए। गद्दी पर विराजित होने के पश्चात सबसे पहले त्यागी जी महाराज ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रीमती रीना सुखराम दास ने पूजा की। तत्पश्चात संत-महात्माओं एवं श्रद्धालु भक्तों ने बारी-बारी से पूजा-अर्चना कर राजेश्री महंत जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। गद्दी महोत्सव के समापन अवसर पर राजेश्री महंत श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्री शिवरीनारायण के दरबार में पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की। पूरे आयोजन में मठ की धार्मिक परंपराओं, आध्यात्मिक आस्था और गुरु-परंपरा के प्रति श्रद्धा का भाव देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि श्री शिवरीनारायण मठ में गद्दी महोत्सव का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है।

कपिस्दा–बंसुला सड़क निर्माण में लेटलतीफी धूल के गुबार से ग्रामीण हो रहे हलाकान



निर्धारित समया अवधि खत्म होने के बाद भी आधी अधूरी बनी सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

कपिस्दा से बंसुला तक सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। एक ओर अधूरी सड़क के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, तो दूसरी ओर उड़ती धूल के गुबार ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। करीब 3 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से बन रही लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण निर्धारित समय सीमा 9 सितंबर 2026 को समाप्त होने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। ग्रामीणों के अनुसार, अब तक आधे से अधिक काम अधूरा है। ऐसे में निर्माण कार्य की गति और विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

- निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी आधे से अधिक काम अधूरा

कपिस्दा–बंसुला मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। करीब तीन किलोमीटर लंबी सड़क पर 3 करोड़ 10 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इतनी बड़ी राशि और निर्धारित समय सीमा के बावजूद काम अधूरा रहने से ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों का सवाल है कि जब निर्माण पूरा करने की अंतिम तिथि 9 सितंबर तय थी, तो अब तक सड़क तैयार क्यों नहीं हो सकी। निर्माण में देरी के कारणों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। सड़क निर्माण की सुस्त रफ्तार का खामियाजा राहगीरों और आसपास रहने वाले ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। अधूरे निर्माण और उड़ती धूल के कारण आवागमन मुश्किल हो रहा है। सड़क से गुजरने वाले लोगों को धूल के गुबार के बीच आवाजाही करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ धूल से राहत दिलाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि लोगों को रोजाना की परेशानी से निजात मिल सके। निर्माण कार्य की धीमी गति के बीच विभागीय इंजीनियर के नियमित रूप से निर्माण स्थल पर मौजूद नहीं रहने के आरोप भी सामने आए हैं। वहीं, काम पेटी ठेके पर कराए जाने की चर्चा के बीच निर्माण की गुणवत्ता और विभागीय निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि संबंधित विभाग को निर्माण स्थल का निरीक्षण कर काम की वास्तविक स्थिति, गुणवत्ता और देरी के कारणों की जांच करनी चाहिए।

मस्जिद रोड में धूमधाम से मनाई गई विजयादशमी, हुआ रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के मस्जिद रोड में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक पर्व विजयादशमी हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परंपरानुसार रावण दहन किया गया।

इस दौरान नवरात्रि और दशहरा से संबंधित क्विज प्रतियोगिता तथा अंताक्षरी जैसे रोचक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की इस पहल से कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में चिराग शर्मा प्रमोद सोनी मुन्नू जैन, उज्ज्वल शर्मा, गोपाला सोनी, करण सोनी ,राहुल दोषी,दिव्यांशी गौराहा ,नितारा सब्बरवाल ,भव्या गौराहा का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर चांद सब्बरवाल, देवेंद्र जैन, सुनील लिखमनिया, राकेश विश्वकर्मा, नवनीत सब्बरवाल, बशीर चाचा, आशीष शर्मा, आयुष लिखमनिया, दिलीप विश्वकर्मा, नवीन विश्वकर्मा, अतुल शर्मा, गौरव सब्बरवाल, चिंटू सब्बरवाल, उत्सव, विनोद सोनी, मयूर दोषी, आर्वी, पूर्वी, उपासना, दीक्षा जैन सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।





